## बारिश से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे की प्रोसेसिंग का काम बंद

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 26 जुलाई. नगरपालिका के गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे की प्रोसेसिंग का कार्य बंद है। जिससे कचरा नष्ट करने के काम में देरी हो रही है और यह कचरा लोगों की परेशानी का सबब बन रहा है।**

**दुर्गंध के कारण परेशान हो रहे आसपास के रहवासी**

**6 माह थी टाइम लिमिट, 5 माह से अतिरिक्त गुजरे**



खासकर कचरे से उठने वाली दुर्गंध के कारण लोग परेशान है और इसे लेकर यहां के रहवासी पूर्व में विरोध भी दर्ज करा चुके है, लेकिन अभी तक लोगों की समस्या का समाधान नहीं हुआ। दरअसल शहर के गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में लाखों टन कचरा जमा है। यहां अभी भी शहर का कचरा एकत्रित किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्ट करने के बाद इसे, इसी ट्रेंचिंग ग्राउंड में डाला जा रहा है। जिससे यहां कचरे की मात्रा बढ़ते ही जा रही है। लोगों का कहना है कि इसके पीछे भी नगरपालिका की लापरवाही साफ झलक रही है। लापरवाही यह भी है कि कचरे की प्रोसेसिंग के दौरान कचरे से दुर्गंध या हानिकारक गैस न निकले, इसके लिए नपा द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाये गये है। इस इलाके में हर तरफ कचरा ही नजर आता है। कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं और लोगों को दुर्गंध सहित गंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

**अधिकारी बोले, बारिश के कारण रोकना पड़ा काम :** ट्रेंचिंग ग्राउंड कचरे की पहाड़ियों से पटा पड़ा है। यहां जमीन में 10 से 15 फीट गहरी खुदाई कर कचरा बाहर निकालकर टीले बना दिए हैं, लेकिन इसे अलग- अलग करने का काम मशीनें थमने के कारण रुक गया है। बताया जा रहा है कि बारिश आने से पूरा कचरा गीला हो गया और कचरे के बीच में पानी थम गया है। अब इस पानी के सूखने की राह देखनी पड़ रही है। यहां पर जमीन में से खोदकर निकाला कचरा भीगने से कीचड़ होने पर बदबू और मक्खियों का अंबार लग रहा है।

> बारिश का पानी लगने से कचरे का वेट बढ़ गया है। जिसके कारण फिलहाल प्रोसेसिंग का काम रोक दिया है। जैसे ही बारिश खत्म होती है, जल्द से जल्द कचरे की प्रोसेसिंग कराने का प्रयास करेगे। यदि दुर्गंध की समस्या है तो नपा स्वच्छता प्रभारी से कहकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया जायेगा, ताकि कचरे से दुर्गंध न उठे।
>
> **- पंकज धुर्वे, सब इंजीनियर, नपा बैतूल**

### कंपनी को दी थी 6 माह की टाइम लिमिट

नगरपालिका ने लेगेसी वेस्ट के प्रोजेक्ट का ठेका ईकोस्टन कंपनी नोएडा को देते हुए अगस्त 2024 में वर्क ऑर्डर जारी किया था। इस प्रोजेक्ट की टाइम लिमिट 6 माह थी। फरवरी 2025 तक यह काम पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन टाइम लिमिट से 5 महीने अधिक होने पर भी केवल 60 प्रतिशत कचरा ही हट पाया है। इधर नपा ने अब तक कंपनी पर कोई पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई नहीं की है। जबकि 10 प्रतिशत पेनाल्टी हर बिल पर लगनी चाहिए। बारिश में यह गीला कचरा बीमारियों का सबब बनता जा रहा है। अब काम बारिश बाद ही पूरे होने की उम्मीद है।

### 8 एकड़ में फैला हुआ है ट्रेंचिंग ग्राउंड

गौठाना स्थित नगरपालिका का ट्रेंचिंग ग्राउंड करीब 8 एकड़ पर फैला हुआ है। यहां कचरा अलग-अलग करने और नष्ट करने के लिए दो मशीनें कंपनी ने लगाई हैं। इनकी क्षमता 300-300 टन प्रतिदिन की है। इन मशीनों तक कचरा पहुंचाने के लिए कन्वेयर बेल्ट लगे हैं। नोएडा की कंपनी को ठेका देने और वर्क ऑर्डर होने के बाद अलग से ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस प्रक्रिया में अगस्त 2024 से लेकर जनवरी तक का समय लग गया। जनवरी 2025 में कंपनी ने काम शुरू किया। पांच महीने की देरी से काम शुरू होने के कारण 60 प्रतिशत ही कचरा हट पाया। इसके बाद बारिश आने पर कचरा गीला हो गया और मशीनों को बंद करना पड़ा।

## तवा नदी का जलस्तर बढ़ा, सतपुड़ा बांध के सात गेट खोले

**बैतूल/सारणी। बैतूल में बारिश ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश में एक इंच से ज्यादा पानी गिरा है।**

**मौसम विभाग ने जारी किया आरेंज अलर्ट**

**सबसे अधिक बारिश घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में दर्ज**



मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए जिले में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर सतपुड़ा बांध क्षेत्र में तीन इंच से ज्यादा बारिश होने के बाद बांध के सात गेट छह-छह फुट तक खोले गए हैं। इनसे 32 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शुक्रवार को गेट तीन-तीन फुट खोले गए थे, जिनसे 17 हजार 300 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। रात दो बजे गेटों की ऊंचाई बढ़ाने से बांध का जलस्तर 1430 फुट से घटकर 1429.50 फुट हो गया है। निचले क्षेत्रों में तवा नदी का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन कोई इलाका प्रभावित नहीं हुआ है। सतपुड़ा के गेट खोलने से तवा बांध में भी पानी बढ़ रहा है। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 26 जुलाई को प्रात: 8 बजे तक 37.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील बैतूल में 30.4, घोड़ाडोंगरी में 57.0, चिचोली में 28.0, शाहपुर में 42.0, मुलताई में 49.2, प्रभात पट्टन में 29.2, आमला में 22.0, भैंसदेही में 60.0, आठनेर में 17.2. तथा भीमपुर में 37.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। बता दे कि जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा जिले में अभी तक 435.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 411.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## अमरावती स्टेट हाईवे पर पेड़ गिरने से यातायात ठप

**बैतूल। बैतूल-परतवाड़ा स्टेट हाईवे पर शनिवार दोपहर 12 बजे ताप्ती घाट के पास पहाड़ी से एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया।**

**मार्ग पर वाहनों की लगी लंबी-लंबी कतारें**

**बरसात के बीच यात्री होते रहे परेशान**



इससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और सैकड़ों यात्री फंस गए। लगातार बारिश से पहाड़ी की मिट्टी दरकने के कारण पेड़ गिरा, जिससे बैतूल से अमरावती-परतवाड़ा जाने वाला प्रमुख मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। घटना के दो घंटे बाद तक राहत कार्य नहीं शुरू हुआ। यात्रियों ने बताया कि पेड़ इतना बड़ा है कि जेसीबी की जरूरत है, लेकिन प्रशासन ने महज दो लोगों को कुल्हाड़ी देकर भेजा है। ढाई घंटे बाद झल्लार थाना पुलिस के दो जवान पहुंचे, लेकिन यातायात बहाल नहीं हो सका। उमस और बरसात के बीच यात्री परेशान हैं। बसें और निजी वाहन सभी रुके हुए हैं। लोग जेसीबी या क्रेन मंगाकर जल्द पेड़ हटाने की मांग कर रहे हैं।

## जिले को मिलेगी 2 हजार 640 मीट्रिक टन यूरिया

**बैतूल।** कृषि विभाग के उप संचालक आनंद बडोनिया ने बताया कि जिले में आज दिनांक तक 398 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिसके कारण जिले में लगभग शत प्रतिशत खरीफ फसलों की बुवाई पूर्ण की जा चुकी है। गत वर्ष की तुलना में मक्का का रकबा 2 लाख 12 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध इस वर्ष खरीफ में 2 लाख 45 हजार 200 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की फसल ली गई है। इसे देखते हुए हुए लगातार यूरिया की रैंक जिले को प्राप्त हो रही है। अब तक जिले में 63 हजार 217 मे. टन यूरिया प्राप्त हुई है तथा 61 हजार 252 मे.टन यूरिया कृषकों को वितरित किया जा चुका है। यह गत वर्ष यूरिया की खपत से लगभग 9652 मे.टन ज्यादा है। 2640 मे.टन यूरिया की आगामी रैक एचयूआरएल कंपनी की जिले को प्राप्त होगी। जिससे ऐसी सहकारी समिति तथा निजी विक्रेता जहां यूरिया की उपलब्धता कम है, वहां यूरिया सुलभ कराया जाएगा। वर्तमान में जिले में थोक विक्रेता मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्र एवं निजी विक्रेताओं के स्तर पर 277 मे. टन यूरिया उपलब्ध है। जबकि सहकारी समिति स्तर पर 704 मे. टन एवं फुटकर निजी विक्रेताओं के स्तर पर 380 मे.टन यूरिया उपलब्ध है।

## मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत

**बैतूल।** जिले के ग्राम चौकी देवगांव में शनिवार को मछली पकड़ने गए एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भीमराव गन्नु आहाके उम्र 35 वर्ष निवासी चौकी देवगांव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भीमराव सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच मछली पकड़ने के लिए गांव के ही तालाब पर गया था। मछली पकड़ते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे डूबते हुए देखा और तुरंत बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी गांव के कोटवार द्वारा पुलिस को दी गई।



पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुछ समय की मशक्कत के बाद युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। मौके पर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने बताया कि भीमराव मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके दो बेटे हैं। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## होमगार्ड कार्यालय में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बैतूल।** जिला बैतूल के होमगार्ड कार्यालय में शनिवार को जिला सेनानी इंदल उपनारे के मार्गदर्शन में एक विशेष नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हवलदार स्टोर मैन अवधेश वर्मा, सैनिक राजा, अलकेश द्वारा 5 सिविल डिफेंस वालंटियर को आंतरिक सुरक्षा के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। जिला सेनानी श्री इंदल उपनारे ने प्रशिक्षण में नागरिक सुरक्षा के विभिन्न प्रकार, उनकी भूमिका और सेवाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। हवाई हमले की स्थिति में सायरन का प्रयोग और ब्लैक आउट की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें घायलों को पट्टी बांधने, उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के आकस्मिक उपायों का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा प्रशिक्षुओं को सीपीआर के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में किसी की जान बचाने के लिए सही तरीके से कार्य किया जा सके।

## पवित्र नगरी में ओवरफ्लो हुआ ताप्ती उद्गम सरोवर

**मुलताई।** नगर में बीते दिनों से जारी बारिश के बाद शनिवार दोपहर में सूर्य पुत्री मां ताप्ती का उदगम सरोवर लबालब होकर ओवरफ्लो हो गया। गौरतलब है की नगर में शुक्रवार से धीमी बारिश का दौर जारी था। जिसके बाद शाम को कुछ देर बारिश रुकने के बाद रात्रि में फिर बारिश चालु हो गई। वहीं शनिवार सुबह से जारी बारिश के चलते दोपहर करीब सवा 3 बजे ताप्ती उदगम सरोवर ओवरफ्लो होकर परिक्रमा मार्ग से बहते हुए तपेश्वर शिव मंदिर के बाजू में स्थित सीढ़ियों से बहना प्रारंभ हो गया। सीढ़ियों से बह रहे पानी का नजारा एक झरने के रूप में नजर आ रहा है। सरोवर के ओवरफ्लो की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में युवा ताप्ती सरोवर के परिक्रमा मार्ग पर पहुंच गए और तपेश्वर शिव मंदिर के बाजू में स्थित सीढ़ियों से बह रहे पानी में स्नान आनंद उठा रहे हैं। प्रति वर्ष बारिश के मौसम में ताप्ती सरोवर ओवरफ्लो होने का इंतजार सभी नगर वासियों को बेसब्री से रहता है। लेकिन इस बार जून माह में कम बारिश होने और जुलाई माह आधा बीत जाने के बाद भी तेज बारिश नहीं होने से ताप्ती सरोवर खाली था शुक्रवार को सरोवर की चार सीढ़ियां खाली थी।



## समस्या : सड़क किनारे कीचड़, वाहन चालक हो रहे परेशान

**सारनी। कालीमाई क्षेत्र से पाथाखेड़ा तिगड्डा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर इन दिनों कीचड़ और फिसलन से वाहन चालक परेशान है।**

इस मार्ग के किनारे भारी संख्या में खड़े ट्रकों और डंपरों की आवाजाही से सड़क पर कीचड़ जमा हो गया है, जिससे राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का डर सता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने सड़क किनारे मिट्टी डालकर अस्थायी भराव तो किया गया है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं। यह भराव मुरम नही डालकर ठेकेदार द्वारा किया गया और न ही इस क्षेत्र में किसी तरह की द्रुत मरम्मत या नालियों की व्यवस्था की गई है। परिणामस्वरूप, जब भारी वाहन सड़क पर चढ़ते हैं तो उनके कीचड़ से भरे टायर सड़क पर फिसलन पैदा कर देते हैं। रोजाना इस मार्ग से स्कूल, कॉलेज और कार्यालय जाने वाले लोग फिसलन की वजह से जोखिम झेल रहे हैं। वहीं, अब तक प्रशासन की ओर से इस समस्या को लेकर कोई दखलअंदाजी नहीं की गई है, जिससे लोगों में रोष बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की समुचित सफाई, नालियों का निर्माण और भारी वाहनों की पार्किंग पर नियंत्रण जैसे स्थायी उपाय किए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को टाला जा सके। साथ ही संबंधित ठेकेदार और वाहन स्वामियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। इस संबंध में सारणी थाना प्रभारी जयपाल इनवाती का कहना है कि आपके द्वारा जानकारी मिली है। मैं जांच करवाता हूं। जल्द निष्कर्ष निकाला जायेगा।



### एक नजर में

#### उपचुनाव में सरपंच निर्वाचित हुए बेनीसिंह

**मुलताई।** जनपद पंचायत मुलताई की ग्राम पंचायत घाटपिपरिया में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव में बेनीसिंह रघुवंशी विजयी हुए है। शनिवार को तहसील कार्यालय परिसर में हुई मतगणना में बेनीसिंह रघुवंशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल धुर्वे को 429 मतो से पराजित किया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत घाट पिपरिया के पूर्व सरपंच शंभूदयाल बिहारे का नवंबर 2024 में निधन होने के चलते सरपंच पद रिक्त था। जिसके चलते स्थापन्न सरपंच संगीता बिहारे को सरपंच का प्रभार सौंपा गया था। 22 जुलाई को सरपंच पद के लिए उपचुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव मे सरपंच पद अनारक्षित होने से 6 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान में कुल मतदाता 2915 में से कुल 2078 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।जिसके बाद शनिवार को तहसील कार्यालय परिसर में हुई मतगणना में बेनी सिंह रघुवंशी 429 मतो से विजयी हुए।

#### 7 माह से फरार गौवंश तस्कर को अमरावती से किया गिरफ्तार

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने 07 माह से फरार गौवंश तस्कर मोहम्मद हाफिज को महाराष्ट्र के चांदुर बाजार, अमरावती से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 दिसंबर 2024 को नीमपानी क्षेत्र में टाटा इन्ट्रा लोडिंग वाहन (क्रमांक एमएच 30बीडी 6095) में अवैध रूप से गौवंश ले जाए जाने की सूचना मिलने पर उक्त वाहन का पीछा किया। सोनाघाटी के शीतला धर्मकांटा के पास वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की जांच करने पर उसमें 10 नग गाय एवं 01 बछड़ा पाये गये, जिन्हें क्रूरता पूर्वक भूखा-प्यासा, सींग व पैरों से बांधकर रखा गया था। इस मामले में थाना कोतवाली में धारा 4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था। जांच में पाया गया कि उक्त वाहन पूर्व में आकोला तहसीलदार कार्यालय द्वारा रेत परिवहन मामले में जप्त किया गया था। बाद में तहसील कार्यालय से उक्त वाहन सहित कुल 07 वाहन चोरी हो गए थे, जिस संबंध में थाना रामदासपेठ, आकोला में धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज है। कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर सेल एवं मुखबिर की सहायता से आरोपी मोहम्मद हाफिज पिता अब्दुल मजीद (उम्र 35 वर्ष), निवासी चांदुर बाजार, अमरावती (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

#### धूमधाम से मनाया करगिल विजय दिवस

बैतूल। मेरा युवा भारत बैतूल मध्य प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद भवन परिसर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सेना से सेवानिवृत्त अशोक रघुवंशी, दीपक दया पवार, पंडरी डांगे, सुदामा सूर्यवंशी, गौरी बालापुरे की उपस्थिति में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में इस अवसर पर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ?र हिस्सा लिया। इस मौके पर अशोक रघुवंशी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की विजय का प्रतीक है।

**चोरी** | **कुछ जगह से खाली हाथ लौटे बदमाश**

## एक रात में पांच दुकानों के टूटे ताले, नकदी चोरी, सीसीटीवी में कैद घटना

**बैतूल। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र गंज में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने पांच दुकानों के ताले तोड़े। नेशनल एजेंसी, गुप्ता बर्तन भंडार, साहनी मेडिकल एजेंसी और शिवहरे शराब दुकान में चोरी का प्रयास किया गया।**

**चोरी की घटना से व्यापारियों में दहशत और आक्रोश**

**पुलिस सीसीटीवी के आधार पर कर रही चोरों की तलाश**



गुप्ता बर्तन भंडार से 20 हजार रुपए की नकदी चोरी हुई। साहनी मेडिकल एजेंसी के संचालक मनजीत सिंह ने बताया कि रात 3.20 बजे चार संदिग्ध दिखे। एक बाहर रैकी करता रहा, जबकि अन्य अंदर घुसे। स्क्रूड्राइवर से दराज खोलने की कोशिश की, लेकिन नगदी न मिलने पर खाली हाथ लौटे। नेशनल एजेंसी में शटर के पीछे काउंटर होने से चोर अंदर नहीं घुस सके। शिवहरे की शराब दुकान में चौकीदार की नींद खुलने पर चोर भाग गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चार चोर अलग-अलग दुकानों के आसपास सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। चोर बड़े आराम से चोरी करते और सड़क पर घूमते भी नजर आ रहे हैं। गंज थाना प्रभारी सरविंद धुर्वे के मुताबिक सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे चोर बाहरी क्षेत्र के प्रतीत हो रहे है, इनकी पहचान कर तलाश की जाएगी। इधर चोरी की घटनाओं से व्यापारी वर्ग में रोष व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बढती चोरियों से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियां उजागर हो रही हैं। इसके पहले भी गंज क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ दिनों पहले व्यापारियों की नाराजगी के बाद पुरानी चौकी को शुरू भी किया है, लेकिन यहां पर पुलिसकर्मी के न रहने से चोरों के हौंसले एक बार फिर बुलंद हो गए। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस को रात्रि गश्त बढाना चाहिए।

### चौथी बार चोरों के निशाने पर हनुमान डोल मंदिर

शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध हनुमान डोल मंदिर में भी चोरी की घटना हुई। चोरों ने मंदिर की दीवार में सेंध लगाकर अन्दर प्रवेश किया और दानपेटी को तोड़कर उसमें रखी नकदी चुरा ली। श्रद्धालुओं में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि मंदिर को एक साल के भीतर चोरों ने चौथी बार अपना निशाना बनाया है। फिलहाल एक ही रात में पांच अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातें सामने आने से स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश तेज कर दी है और इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## सीएम राइज में अभिविन्यास प्रशिक्षण आयोजित

**बैतूल। जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय भीमपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण सुबह 9.30 से शाम 5 बजे तक बैचवार आयोजित हुआ।**



जिसमें 102 शिक्षकों ने सहभागिता की। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2 के मॉड्यूल की नवाचारों एवं उद्देश्यों से शिक्षकों को परिचित कराना था। प्रशिक्षण की शुरुआत ब्लॉक प्रबंधक श्री इंद्रसेन नागले द्वारा प्री-टेस्ट से हुई, जिसके बाद वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर सुनील नंदनवार ने पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। ब्लॉक प्रबंधक मीना सातनकर ने जेंडर समानता और बाल संरक्षण के महत्व पर विशेष सेशन के माध्यम से शिक्षकों की समझ विकसित की। बाल दुर्व्यवहार के प्रकार व रोकथाम के लिए प्रभावी कदम भी सुझाए गए। मास्टर ट्रेनर नंदराम धुर्वे ने वर्ष 2 के जीवन कौशल सत्रों का व्यवहारिक प्रदर्शन कर शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक निष्ठा ने विद्यालय में मेरी सीख का कोना, सक्षम वॉल, बिहेवियर मैनेजमेंट सिस्टम जैसे नवाचारों को लागू करने के लिए मार्गदर्शन किया और 11 जीवन कौशलों की मेहता और बारीकियां पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि जीवन कौशल सत्रों का संचालन गुणवत्ता पूर्वक करें।